उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत (कठो० १।६।१४)
(उठो, जागो और शिष्ट लोगों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो।)

कठोपनिषद्

(मन्त्रों के पदच्छेद, अन्वय, शाङ्करभाष्य, संस्कृत व्याख्या,
हिन्दी शब्दार्थ, हिन्दी भावार्थ, अंग्रेजी अनुवाद सहित)

व्याख्याकार
डॉ० रामरङ्ग शर्मा
एम. ए. (संस्कृत-हिन्दी), पी. एच-डी, साहित्याचार्य,
साहित्यरत्न
संस्कृत विभागाध्यक्ष
डी ए. वी. डिग्री कॉलेज, वाराणसी

तथा

मालती शर्मा
एम. ए., साहित्याचार्य

वाराणसी दिल्ली

KATHOPANISHAD

with

SHANKARA-BHASHYA

(Edited with Sanskrit, Hindi and English Commentaries)

By

Dr. Ram Rang Sharma

Head of the Sanskrit Department

D. A. V. Degree College.

Varanasi

&

Malati Sharma

BHARATIYA VIDYA PRAKASHAN

Varanasi, Delhi

समर्पणम्

त्यागमूर्त्ति-महामण्डलेश्वर

अनन्तगुणविभूषित

परमश्रद्धेय श्री स्वामी गणेशानन्दगिरि

महाराज

कनखल (हरिद्वार)

के

चरणकमलों में सादर समर्पित

रामरङ्ग शर्मा

एवं

मालती शर्मा

रथयात्रा

वि० सं० २०३६

दो शब्द

वेदो के रूप में गूंजने वाली ऋषियो की वाणी का मंगलमय स्वर चाहे इस रती के साधारण जनो के लिए बोधगम्य न हो, परन्तु जन्म से मृत्यु पर्यन्त ाम रहनेवाले महत्त्वपूर्ण हमारे षोडश सस्कारों ने हमें एक सूत्र में आज भी ंध रखा है। यही कारण है कि भारतीय जन-जीवन अतीत से भविष्य तक, ूल से सूक्ष्म तथा अनादि से अनन्त तक दृष्टि रखकर ही अपनी व्यवस्था करने प्रवृत्त होता है। फलत: सच्चा भारतीय सदा अनात्मवाद से आत्मवाद, ोगवाद से योगवाद, स्वार्थवाद से परमार्थवाद, नास्तिकवाद से आस्तिकवाद एव कुचित सम्प्रदायवाद से सदा मानवतावाद को अधिक महत्त्व देता रहा है। इस ढ़ आस्था की पृष्ठभूमि का श्रेय एवं गौरव नि:सन्देह उपनिषद्-वाड्मय को ही या जा सकता है, क्योंकि इनके गम्भीर अनुशीलन से ही भगवान् शङ्कराचार्य, ामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य, मध्वाचार्य आदि विभूतियों ने आकुल ानव जाति को सान्त्वना दी।

आज सर्वत्र नैतिकता का ह्रास हो रहा है। सभी लोग भौतिकवाद की काचौंध में चक्कर काट रहे हैं। आशा एवं विश्वास है कि प्रस्तुत ग्रन्थ के ायक नचिकेता के उदारचरित से देश के वर्त्तमान कर्णधार एवं राष्ट्र के होनहार वक शिक्षा लेंगे। यदि ऐसा हो सका तो हम अपने परिश्रम को सफल मानेगे।

पुस्तक-प्रकाशन मे पूरी सावधानी बरती गयी है तथापि पूर्ण निर्दोषता का ावा नही किया जा सकता। प्रूफ, मुद्रण आदि की असावधानियो से भी त्रुटियाँ म्भव है। सहयोगी सभी लेखक विद्वानो के हम आभारी है जिनकी कृतियो से मे सहायता मिली है। सुविज्ञ पाठको से हमारा अनुरोध है कि वे हमारी िषयगत तथा अन्य भूलो की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करेंगे ताकि द्वितीय ंस्करण इससे अच्छा बन सके।

रामरङ्ग शर्मा

मालती शर्मा

भूमिका

उपनिषद् किसे कहते है—'उपनिषद् शब्द उप तथा नि उपसर्ग पूर्वक सद् धातु से बना है जो शरण, अवसादन तथा गति अर्थ का बोध कराता है। इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा भी है—"सदेर्धातोर्विशरणगत्यवसादनार्थस्योपनि-पूर्वस्य क्विप्प्रत्ययान्तस्य रूपमिदमुपनिषदिति" (काठकोपनिषद्-शाकरभाष्य)। 'उपनिषद्यते प्राप्यते ब्रह्मविद्या अनया इति उपनिषद्' अर्थात् जिससे ब्रह्मविद्या की प्राप्ति होती है, उसे उपनिषद् कहते है।

ब्रह्म अथवा आत्मा के स्वरूप का ज्ञान कराने वाली जो विद्या है वह उपनिषद् कहलाती है। क्योकि, जो मुमुक्षु अधिकारी दृष्ट और श्रुत दोनो विषयो से विरक्त होकर उपनिषदो में कथित ब्रह्मविद्या की शरण लेते है और उस विद्या का निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करते है उन अधिकारियो का उप-निषदो के द्वारा ससार के मूल बीज अविद्या (अज्ञान) आदि का नाश हो जाता है। अविद्या की विरोधिनो विद्या है और वह विद्या उपनिषदों में निहित होने के कारण उपनिषदो को विद्या शब्द से सबोधित किया जाता है। यह अर्थ सद् धातु के अवसादन अर्थ से है। संसार का यह नियम है कि जब तक मूल कारण को निवृत्ति नही होती तब तक उसके कार्यभूत पदार्थ की निवृत्ति भो आत्यन्तिक रूप से नही होती। निवृत्ति दो प्रकार की शास्त्र में कही गयी है एक लयरूप निवृत्ति और दूसरी आत्यन्तिकी निवृत्ति। लयरूप निवृत्ति वह है जो कारण को विद्यमान रखते हुए कार्य की ऊपर से निवृत्ति करती है (नाश करती है)। लेकिन इस निवृत्ति से कार्य का समूल नाश नही होता—जैसे हम नाई के द्वारा बाल बनवाते है। जिस समय हमारे बाल नाई बना देता है उस समय तो ऐसा लगता है कि अब ये बाल जल्दी ऊपर नही आयेंगे, लेकिन दूसरे दिन प्रातःकाल उठते ही हाथ घुमाओ तो पता लगता है कि बाल फिर से अपना प्रभाव जमा रहे है। यही खूबी नाखूनो की भी है। क्षण भर के लिए मालूम देता है कि बिलकुल इनकी निवृत्ति हो गयी लेकिन

बाद में वे पुनः अपना प्रभाव बताते है। क्योंकि उनका कर्त्तन ऊपर से ही किया गया है, लेकिन उनकी जड अर्थात् कारण तो वैसा ही मौजूद रहता है। इस प्रकार की निवृत्ति (विनाश) को लय रूप निवृत्ति कहते है। ठीक इसी प्रकार ससार की लय रूप निवृत्ति (क्षणिक निवृत्ति) सुषुप्ति अवस्थाएँ (निद्रित अवस्थाएँ) होती हैं। लेकिन प्रातःकाल जागते ही पुनः संसार उद्बुद्ध हो जाता है। वास्तव मे ससार की निवृत्ति मे सुख है, न कि ससार को स्थित रखने में। वह सोता है ससार की निवृत्ति के लिए लेकिन उसकी यह ससार-निवृत्ति सदा के लिए नही होती इसलिए पुनः जागते ही दुःखो के काले बादल उसके सिर पर छा जाते है। हर एक व्यक्ति का प्रयत्न ससार निवृत्ति के लिए अर्थात् सच्ची आनन्दानुभूति के लिए चल रहा है, लेकिन जीवात्मा अविद्या मे जब तक पडा हुआ है तबतक संसार की निवृत्ति न कर पायेगा। क्योंकि संसार का मूल कारण अविद्या तो पडी ही है। इस निवृत्ति को लयरूप निवृत्ति कहते हैं।

दूसरी निवृत्ति है आत्यन्तिकी निवृत्ति और वह होगी उपनिषद् विद्या से। शंकराचार्य कहते है "कुरुते गगासागरगमन, व्रतपरिपालनमथवा दान, ज्ञानविहीने सर्वमतेन, मुक्तिर्न भवति जन्मशतेन।" पुरुष कितना ही गगा मे नहाता रहे, व्रतो का पालन करता रहे, अथवा दान देता रहे लेकिन मुक्ति ज्ञान के बिना नही होगी। सच्चा ज्ञान कहाँ है ? उपनिषदो में। उपनिषद् विद्या क्या करती है ? ससार की निवृत्ति। वह भी संसार की कारणीभूत अविद्या के निवृत्तिसहित—अर्थात् कारण सहित कार्य का नाश होता है, उपनिषद् से। इसी को कहते है आत्मा की निवृत्ति। जब आदमी ससार के लय रूप निवृत्ति मे, निद्रा अवस्था मे, आनन्दानुभूति प्राप्त कर लेता है तो उसकी कल्पना करना ही कठिन है। किसी अकिंचन को सार्वभौम पद मिले वैसे ही यह अवस्था होती है। यह अवस्था उपनिषदों के द्वारा ही प्राप्त हो सकती है।

वैदिक वाङ्मय मे उपनिषदों का स्थान—आध्यात्म विज्ञान की चर्चाओ में वेदो के बाद उपनिषदो को ही सर्वाधिक आदर मिला है। ब्रह्म सम्बन्धी दार्शनिकता का विवेचन इन ग्रन्थो मे जिस प्रकार वर्णित है, वैसा वर्णन विश्व के अन्य ग्रन्थो मे यदि असम्भव नही, तो दुर्लभ अवश्य कहा जा सकता है। वेदों के वास्तविक सन्देश-वाहक के रूप मे उपनिषद् वाङ्मय को आलोचको ने देखा है।

इन ग्रन्थो की रचना उस समय हुई, जब लोग ब्राह्मण एवं आरण्यक ग्रन्थो की सहायता से वेदो पर अपनी-अपनी व्याख्यायें करने लगे। कर्म को प्रधानता देने वाले ब्राह्मण तथा आरण्यक ग्रन्थो ने जब ज्ञान को गौण मानकर कर्मकाण्ड के नाम पर पशु-हिंसा आदि को प्रश्रय एव जाति-पाँति के नियम-उपनियमो को और सुदृढ बनाने की कल्पनायें की तो उपनिषद् ग्रन्थकारो ने ज्ञान की दुन्दुभी बजाकर ब्राह्मण एवं आरण्यक ग्रन्थो की आलोचना आरम्भ कर दी। यही प्रमुख कारण है कि अधिकाश विद्वान् उपनिषदो को ब्राह्मण-आरण्यक साहित्य का आलोचनात्मक वाङ्मय मानते है। विश्व की अधिकतर जीवित भाषाओ में इन ग्रन्थो का अनुवाद ही इस बात का प्रमाण है कि लोगो ने उपनिषदो के महत्व को समझने का प्रयास किया है। मुगल साम्राज्य मे औरंगजेब के सुपुत्र दाराशिकोह ने लगभग पचास उपनिषदो का अनुवाद फारसी भाषा मे करवा कर उनके अध्ययन की ओर अपना मन लगाया था। फारसी अनुवाद से प्रेरणा पाकर डुपरेन महोदय जैसे न जाने कितने फ्रेंच विद्वानो का ध्यान उपनिषदो के प्रगाढ विषय की ओर गया। इन ग्रन्थो का मूलरूप मे अध्ययन करने के लिये विदेशी विद्वानो ने संस्कृत का अध्ययन किया और मुक्तकण्ठ से प्रशसा की कि "उपनिषद् मानव मस्तिष्क की सर्वोत्तम कृति है।" भारतीय विद्वानो के अतिरिक्त प्रमुख रूप से जिन पाश्चात्य विद्वानो ने पूर्ण रूप से उपनिषदो का चिन्तन किया है उनमे मैक्समूलर, फ्राक, वेबर, विंटरनित्स आदि का नाम बडे आदर से लिया जाता है। जीवात्मा, जगत् और ब्रह्म क्या है? इनकी वास्तविक स्थिति क्या है? जिज्ञासुओ के इन प्रश्नो के नवीन एव सरल प्रणाली से युक्तिसगत उत्तरो के कारण ही उपनिषदों का महत्व वर्णनातीत हो गया है।

उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय—उपनिषदो का प्रधान रूप से वर्ण्य विषय आत्मा, पुनर्जन्म, कर्मफल आदि है जिनका वर्णन वेदो मे प्रायः नही के तुल्य है। उपनिषद् ग्रन्थो को वेदान्त ग्रन्थ ही माना गया है। आनन्द-कन्द भगवान कृष्ण ने गीता का जो उपदेश दिया उसकी आधारशिला उपनिषद् ही है। सम्पूर्ण भारतीय दार्शनिक एवं धार्मिक वाङ्मय के बीजभूत उपनिषद् ही माने जाते है। विषय की दृष्टि से इन ग्रन्थो के तीन प्रयोजन कहे जा सकते है—ज्ञान प्रतिपादन, ब्रह्मविद्या प्रतिपादन, साधनामार्ग प्रतिपादन।

(१) ज्ञान प्रतिपादन—'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' अर्थात् वास्तविक ज्ञान के बिना जीव की मुक्ति कभी नही हो सकता। आवागमन के चक्र मे पडकर जीवात्मा को कूकर, शूकर, कीट पतग आदि चौरासी (८४) लाख योनियो मे तब तक भटकना पडता है जब तक जीव अपने सच्चे स्वरूप का अवलोकन नही कर लेता। इसीलिए मोक्ष-प्राप्ति की अभिलाषा वाले विवेकी जन सदा अपने कल्याण के लिए ज्ञान विषयक उपनिषदो की शरण लेते है। ज्ञान विषयक उपनिषदो मे प्रधान उपनिषद् है :—ईशावास्य, कठ, केन, प्रश्न, मुण्डक, माडूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, श्वेताश्वतर, आध्यात्म, महोपनिषद्, मैत्रायणी। इन उपनिषदों में ब्रह्मविद्या के प्रतिपादन के अतिरिक्त प्रश्नोत्तर के रूप में विभिन्न गूढार्थों का विवेचन भी किया गया है। प्रश्नोपनिषद् म ब्रह्म-प्राप्ति की चार आधार-शिलाएँ मानी गयी है :—श्रद्धा, ब्रह्मचर्य, तप और धैर्य। ऐतरेय उपनिषद् मे सृष्टि निर्माण सम्बन्धी विषय को बडी सरल विधि से समझाया गया है। ईशोपनिषद् मे प्रधानरूप से ब्रह्म की व्यापकता के साथ ही साथ ब्रह्म एव आत्मा मे अभेद-बुद्धि रखने का उपदेश भी दिया गया है।

(२) ब्रह्मविद्या प्रतिपादन—ब्रह्मविद्या के प्रतिपादक उपनिषदो की सख्या लगभग ३५ है। ये उपनिषद् प्राय. गद्य साहित्य मे ही लिखे गये है। ब्रह्म के स्वरूप का चित्रण बडे ही मनोरजक ढग से किया गया है जिससे एक साधारण बुद्धि वाला व्यक्ति भी ब्रह्म के विषय मे जानकारी कर सके। ब्रह्म विद्या के प्रकाशक उपनिषदो मे मुख्य है—ब्रह्मोपनिषद्, तेजोबिन्दु, योगतत्व, स्वसंवेद्य, शाडिल्य, नारद, परिव्राजक, आत्मबोध, याज्ञवल्क्य, अवधूत, परमहस, निर्वाण।

(३) साधना मार्ग प्रतिपादन—साधना का महत्व हमारे प्राचीन ग्रन्थो मे भरा पडा है। केवल उपनिषद् साहित्य मे ही लगभग चालीस ग्रन्थ होगे जो साधना की महत्ता तथा उसके विधानों पर पर्याप्त प्रकाश डालते है। साधना द्वारा लौकिक एव पारलौकिक दोनो प्रकार के सुखो की प्राप्ति का विशद वर्णन है। देवी और देवताओ मे राम, सीता, हनुमान आदि देवताओ की साधना का वर्णन अच्छी प्रकार से इन ग्रन्थो मे वर्णित है। साधना मार्ग का प्रतिपादन करने वाले उपनिषदो मे मुख्य हैं—गायत्री रहस्य, सौभाग्य-

लक्ष्मी, सीता, राधा, नीलरुद्र, सावित्री, चाक्षुप, कलि-सतरण, कृष्णोपनिषद, ध्यान बिन्दु, प्राणाग्निहोत्र। इन उपनिषद् ग्रन्थों के नामकरण से स्पष्ट प्रतीत होता है कि इस काल में अवतारवाद अपनी जड़ें जमा चुका था। विभिन्न सम्प्रदाय अपने-अपने देवताओ की साधना में पर्याप्त रुचि लेते थे। महर्षियों द्वारा प्रतिपादित विषयो की साधना में लगे हुए साधकों की मनोवृत्ति का बडा ही सुन्दर वर्णन इन ग्रन्थो मे उपलब्ध है।

उपनिषदो की संख्या—उपनिषदों की निश्चित संख्या के बारे में विद्वानो में मतैक्य नही है। मुक्तिकोपनिषद् में उपनिषदो की संख्या १०८ बतायी गयी है जिनका विवरण इस प्रकार है—ऋग्वेद से सम्बन्धित १० उपनिषद्, शुक्ल-यजुर्वेद से १९, कृष्ण यजुर्वेद से ३२, सामवेद से १६ और अथर्ववेद से ३१। इस प्रकार १०८ उपनिषद् ग्रन्थो का प्रकाशन बम्बई के निर्णय सागर प्रेस ने किया है। किन्तु बम्बई के गुजराती प्रिंटिंग प्रेस से प्रकाशित 'उपनिषद् वाक्य महाकोष' मे २२३ उपनिषदो की नामावली दी गयी है जब कि अडियार लाइब्रेरी, मद्रास द्वारा उपनिषद् संग्रह मे १७९ उपनिषदों का सकेत है। अस्तु, उपनिषदो की संख्या जो भी हो, किन्तु इस समय उपनिषदो मे ११ उपनिषद् अत्यधिक प्रसिद्ध हैं जिनपर शाकरभाष्य भी मिलता है-ईशावास्य, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, श्वेताश्वतर, छान्दोग्य, बृहदारण्यक।

कथावतरण—वाजश्रवस मुनि विश्वजित् यज्ञ के अन्त में जब ऋषियों को दक्षिणा में गायें देने लगे तो उनके बालक (पुत्र) नचिकेता ने देखा कि पिताजी हृष्ट पुष्ट और दूध देने वाली गायें मेरे लिए बचा ले रहे है और बूढी एवं बेकाम गायों को ब्राह्मणो के लिए दे रहे हैं। तब अपने पिता को उनके इस दान की व्यर्थता और ममत्व त्याग द्वारा आत्मज्ञान का बोध कराने के लिए उसने स्वयं अपने दान की जिज्ञासा की, क्योंकि विश्वजित यज्ञ मे सर्वस्व दान कर दिया जाता है, अपना कहने योग्य कोई पदार्थ शेष नही रह पाता। अतः "जिसके लिए हृष्ट-पुष्ट गायें रख रहे है उसका भी आपको दान करना चाहिए," यह दर्शाना ही कठोपनिषद् के कथानायक (नचिकेता) को अभीष्ट है एव इस उपनिषद् के अवतरण का यही हेतु है।

कठोपनिषद् कथासार—यज्ञो के माध्यम से हमारे तपःपूत विश्ववन्द्य महर्षियो ने ईश्वर-अस्तित्त्व, आत्म-नित्यत्त्व, पुनर्जन्म विषयक मान्यता तथा वेदो की प्रामाणिकता के असीम सौरभ से निःसन्देह सम्पूर्ण ससार के कण-कण को सुरभित किया है। यद्यपि कालचक्र के अव्याहत प्रभाव ने मानव जाति की सास्कृतिक परम्परा को झकझोर दिया है तथापि भारतीय चिन्तन के मूलतत्त्व आज भी अपनी अमरता की अमिट छाप बनाये हुए हैं। प्रस्तुत उपनिषद् का कथानक भी हमारी प्राचीन पवित्र परम्पराओ की एक कडी है। यह कृष्ण-यजुर्वेद की कठ शाखा का उपनिषद् है। इसमे दो अध्याय एवं छः वल्लियाँ है।

महर्षि वाजश्रवा के पुत्र उद्दालक ने विश्वजित (सर्वमेध) नामक एक यज्ञ किया। परम्परा के अनुसार 'सर्ववेदसं ददौ'—की उक्ति को मुनि उद्दालक ने चरितार्थ किया, किन्तु ऋत्विजो को दक्षिणा देते समय उनसे एक भूल हो गयी। अच्छी गायें तो पुत्र नचिकेता के लिए रख ली और बूढी तथा दुग्ध-रहित गायें ब्राह्मणों को अर्पित करने लगे। यह देखकर 'पुम् नाम नरकात् त्रायते इति पुत्र' को चरितार्थ करनेवाले नचिकेता के मन में श्रद्धा ने प्रवेश किया और पिता के अनिष्ट निवारण हेतु ही उसने अपने पिता से पूछा—'तत् कस्मै मा दास्यसीति'। दो बार पूछने पर भी पिता ने नचिकेता की बात अनसुनी कर दी। अपनी धुन के पक्के ऋषिकुमार ने तीसरी बार फिर पिता से वही प्रश्न किया। उद्दालक चिढ गये और खीझकर कहा—'मृत्यवे त्वा ददामीति'। पिता के इस वचन को सुनकर नचिकेता सीधे यमपुरी में पहुँच गया। यम कार्यवशात् वहाँ न थे। तीन दिन तक अन्न-जल ग्रहण किये बिना नचिकेता ने यम की प्रतीक्षा की। यम भगवान के आने पर उनकी पत्नी ने उन्हे सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाया और सर्वप्रथम अतिथि-सत्कार की बात की। यम ने तत्काल इस अनोखे अतिथि से क्षमा याचना की और तीन दिन तक कष्ट सहने के कारण तीन वरदान मागने की प्रार्थना की (कठोप० १।१।९)। इस प्रकार अतिथिसत्कार को सुगम, सरल सरणि भारतीय परम्परा की विशेषता रही है।

तीन वरदान—नचिकेता ने अपने प्रथम वरदान मे अपने प्रति पिता प्रसन्नता की याचना की (कठोप० १।१।१०)। द्वितीय वरदान मे स्वर्ग

साधन भूत अग्नि—(नचिकेत) विद्या के ज्ञान को मागा (कठोपनिषद १।१।१३)। इन दो वरदानों का देने में यम भगवान ने कोई आनाकानी नही की। परन्तु, तीसरे वरदान मे आत्मबोध (अर्थात् मृत्यु के पश्चात् आत्मा की क्या स्थिति है (कठा० १।१।२०) के मागने पर यम सतर्क हो गये और जिज्ञासु नचिकेता पर तृतीय वरदान न मागने हेतु दबाव डालने लगे। यम ने ससार का सम्पूर्ण वैभव देने की बात की, किन्तु विवेकी नचिकेता अपने प्रण से तनिक भी विचलित नही हुए। यम ने साधक की प्रत्येक प्रकार से परीक्षा ली, यहाँ तक कि उसे भय और लोभ की शृङ्खलाओ मे बाँधना चाहा, परन्तु सब व्यर्थ रहा। अन्त मे नचिकेता को एक सुयोग्य आत्मविज्ञान का अधिकारी मान कर यम ने हार मान ली और नचिकेता को आत्मतत्त्व का बोध कराने से पहले श्रेय और प्रेय पदार्थो का अन्तर समझाया।

श्रेय और प्रेय पदार्थ—प्रयोजन भिन्न होते हुए भी श्रेय और प्रेय पदार्थ मानव को अपने बन्धन मे बाँधते है, अर्थात् अपनी ओर आकृष्ट करते है (कठो० १।२।१)। इतना होने पर भी श्रेय (कल्याण मार्ग) अपनाने वाले का कल्याण होता है और दूसरी ओर प्रेय—सासारिक भोगवाले प्रवृत्ति पथ के पथिक को बारम्बार ८४ लाख योनियो मे भटकना पडता है। सौभाग्य से नचिकेता ने श्रेय मार्ग को अपनाकर सासारिक विविध प्रलोभन दिखाने वाले यम को चकित एव प्रभावित किया है। नचिकेता की प्रशसा करते हुए स्वयं यम ने (कठा० १।२।४।) कहा है कि मैं तुम्हें विद्याभिलाषी मानता हूँ।

रथ-रथी का रूपक—यद्यपि यह आत्मा नित्य एव प्रकाशरूप है तथापि इसके दर्शन सहज नहीं है, क्योंकि यह बुद्धिरूपी गुफा मे छिपा रहता है। जब कोई वीर पुरुष सासारिक विषयो से ऊपर उठकर देखता है तभी उसे इसका साक्षात्कार होता है। आत्मा के स्वरूप को जानने से पूर्व उसके साधन प्रणव (ओंकार) का ज्ञान आवश्यक है। सूक्ष्मातिसूक्ष्म एव महान् से भी महान् आत्मा है। इसे पाने के लिये न तो विशाल बुद्धि की आवश्यकता है और न ही असीम ज्ञानराशि की, क्योंकि इस आत्मतत्त्व को जानने के लिये निर्मल मन तथा लगन की आवश्यकता है। यहाँ ब्रह्म-प्राप्ति के साधन को रथ और रथी के रूपक द्वारा समझाया गया है (कठा० १।३।३-४)। शरीर रथ है, आत्मा रथी (मालिक)

है, बुद्धि सारथि है, मन लगाम है, इन्द्रियाँ अश्व (घोडे) है, रूप-रस-गन्ध
स्पर्श-शब्द ही इन घोडो के मार्ग है और मन से युक्त आत्मा ही भोक्ता है। जि
साधक की मनरूपी लगाम बुद्धिरूपी सारथि के कब्जे मे है और इन्द्रियाँ रू
घोडे नियन्त्रण मे है उसे परमपद की प्राप्ति होती है। उसे ही 'तद्विष्णोः पर
पदम्' कहा गया है और इस पुरुष से परे और कोई नहीं 'सा काष्ठा सा परा गति
कहा गया है। मृत्यु के पश्चात् प्राणी की क्या गति होती है ? इस प्रश्न का उत्
यम ने देते हुए कहा—कर्मफल के अनुसार जीव विभिन्न योनियो मे भ्रमण कर
है और कर्मफल के त्याग से उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। ब्रह्म सर्वव्याप
है, वह दु खो से लिप्त नही होता। उसी परम ब्रह्म द्वारा ही यह सब कु
प्रकाशित होता है (कठो० २।२।१५)। कठोपनिषद् की अन्तिम वल्ली मे सस
को अश्वत्थ (पीपल वृक्ष) के रूप मे वर्णित किया गया है जिसका मूल (ब्रह्म
ऊपर कहा गया है। सम्पूर्ण स्थावर और जगम जगत् इसी मे आश्रित है। इ
प्रकार बडी सूक्ष्मता से ब्रह्म, जीव एव जगत की स्थिति को स्पष्ट किया गया है

कठोपनिषद् के महायज्ञ—स्मृतिकारो ने मानव कल्याण हेतु पाँच यज्ञो
प्रतिपादन किया है भूतयज्ञ पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ, देवयज्ञ तथा ब्रह्मयज्ञ
कठोपनिषद् मे इन पाँचों यज्ञो का सकेत है।

१ वैश्वदेव (भूत यज्ञ) की ओर नचिकेता का ध्यान है तभी तो उस
'पीतोदकाः, जग्धतृणा, दुग्धदोहाः निरिन्द्रिया' इत्यादि गायो को दान देने
अपने पिता को रोका है, क्योंकि इनकी रक्षा करना भूतयज्ञ मे आता है अथ
गृहस्थ को चाहिए कि वह ऐसे पशुओ का स्वय पालन करे न कि उनसे अप
जान बचाने हेतु औरों को दान कर दे।

२ पितृयज्ञ के प्रति कठोपनिषद्कार की दृढ आस्था है कि माता-पि
की प्रसन्नता ही के विशेषता है। नचिकेता ने यम से तीन वरदान माँगते स
सर्वप्रथम पितृ-परितोष ही मागा, क्योकि वह पिता को अप्रसन्न नही देख
चाहता (कठोप० १।१।१०)।

३. देवयज्ञ में देवताओ की अर्चना की जाती है। यहाँ भी अ
द्वितीय वरदान मे नचिकेता ने नचिकेत अग्नि के ज्ञान की इच्छा की है, क्यो
अग्निदेव के प्रसन्न होने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है (कठोप० १।१।१२-१३)

४. अतिथियज्ञ के प्रसग मे ब्रह्मविद्या के महान् प्रवक्ता यम ने एक लघु ब्राह्मण कुमार के आगे सिर झुका दिया और तीन दिन अनुपस्थित रहने हेतु क्षमा माँगी। इसके साथ ही प्रायश्चित्तस्वरूप तीन वरदानो की घोषणा की।

५. ब्रह्मयज्ञ के अन्तर्गत नचिकेत ने आत्मज्ञान की याचना की है। इस आत्मज्ञान रूपी यज्ञ के सामने शेष सभी सासारिक सुख तुच्छ एव नाशवान है। आत्मबोध होने पर जीव को ८४ लाख योनियो के आवागमन से मुक्ति मिल जाती है। उपर्युक्त इन पाँच महायज्ञो के द्वारा कठोपनिषद् की शिक्षाओ का बोध जहाँ सुगमता से होता है वही प्रस्तुत उपनिषद् के नायक नचिकेता के उज्ज्वल चरित्र का भी पता चलता है।

रामरङ्ग शर्मा
एवं
मालती शर्मा

रथयात्रा
सवत् २०३६

विषय सूची

श्री सरस्वत्यै नम.

कठोपनिषद्

प्रथम अध्याय

प्रथमा वल्ली

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं
करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु ।
मा विद्विषावहै ।
ॐ शान्ति. ! शान्तिः !! शान्ति. !!!

पदच्छेद—ॐ, सह, नौ, अवतु । सह, नौ, भुनक्तु । सह, वीर्यं, करवावहै । तेजस्वि, नौ, अधीतम्, अस्तु । मा, विद्विषावहै ।

[शां०] ॐनमो भगवते वैवस्वताय मृत्यवे ब्रह्मविद्याचार्याय नचिकेतसे च ।

अथ काठकोपनिषद्वल्लीनां सुखार्थप्रबोधनार्थम् अल्पग्रन्था वृत्तिरारभ्यते ।

सदेर्धातोर्विशरणगत्यवसादनार्थस्योपनिपूर्वस्य क्विप्प्रत्ययान्तस्य रूपमुपनिषदिति । उपनिषच्छब्देन च व्याचिख्यासितग्रन्थप्रतिपाद्यवेद्यवस्तुविषया विद्योच्यते ।

केन पुनरर्थयोगेन उपनिषच्छब्देन विद्योच्यते ? इत्युच्यते—

ये मुमुक्षवो दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णाः सन्त उपनिषच्छब्दवाच्य वक्ष्यमाणलक्षणां विद्यामुपसद्योपगम्य तन्निष्ठतया निश्चयेन शीलयन्ति तेषामविद्यादेः संसारबीजस्य विशरणाद्धिंसनाद् विनाशनादित्यनेनार्थयोगेन विद्या उपनिषदित्युच्यते। तथा च वक्ष्यति—"निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते" (क० उ० १।३।१५) इति ।

पूर्वोक्तविशेषणान्मुमुक्षून्वा परं ब्रह्म गमयतीति ब्रह्मगमयितृत्वेन योगाद् ब्रह्मविद्योपनिषद् । तथा च वक्ष्यति—"ब्रह्म प्राप्तो विरजोऽभूद्विमृत्यु (क०उ०२।३।१८) इति ।

लोकादिर्ब्रह्मजज्ञो योऽग्निस्तद्विषयाया विद्याया द्वितीयेन वरेण प्रार्थ्यमानायाः स्वर्गलोकफलप्राप्तिहेतुत्वेन गर्भवासजन्मजराद्युपद्रववृन्दस्य लोकान्तरे पौनःपुन्येन प्रवृत्तस्यावसादयितृत्वेन शैथिल्यापादनेन धात्वर्थयोगादग्निविद्याप्युपनिषदित्युच्यते । तथा च वक्ष्यति—"स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्ते" (क० उ० १।१।१३) इत्यादि ।

ननु चोपनिषच्छब्देनाध्येतारो ग्रन्थमप्यभिलषन्ति— उपनिषदमधीमहे, उपनिषदमध्यापयाम इति च ?

एवं नैष दोषोऽविद्यादिसंसारहेतुविशरणादेः सदिधात्वर्थस्य ग्रन्थमात्रेऽसम्भवाद्विद्यायां च सम्भवात् ग्रन्थस्यापि तादर्थ्येन तच्छब्दत्वोपपत्तेः, आयुर्वै घृतमित्यादिवत् । तस्माद्विद्यायां मुख्यया वृत्त्योपनिषच्छब्दो वर्तते, ग्रन्थे तु भक्त्येति ।

एवमुपनिषन्निर्वचनेनैव विशिष्टोऽधिकारी विद्यायामुक्तः । विषयश्च विशिष्ट उक्तो विद्यायाः परं ब्रह्म प्रत्यगात्मभूतम् । प्रयोजनं चास्या उपनिषद आत्यन्तिकी संसारनिवृत्तिर्ब्रह्मप्राप्तिलक्षणा । सम्बन्धश्चै-

वम्भूतप्रयोजनेनोक्तः। अतो तथोक्ताधिकारिविषयप्रयोजनसम्बन्धाया विद्यायाः करतलन्यस्तामलकवत् प्रकाशकत्वेन विशिष्टाधिकारिविषय-प्रयोजनसम्बन्धा एता वल्लयो भवन्ति इत्यतस्ता यथाप्रतिभान व्याचक्ष्महे।

संस्कृत व्याख्या—ॐ पदवाच्यः परमात्मा। नौ–आवाम्[१] द्वौ (गुरु-शिष्यौ) सह-सार्धम्। अवतु–रक्षतु। नौ–आवाम् द्वौ। सह–सार्धम्। भुनक्तु पालयतु[२]। वीर्यम्–पराक्रमम् (पुरुषार्थम)। सह–सार्धम्। करवावहै[३]–कुर्याव। नौ–आवयोः (द्वयो) अधीतम्—अध्ययनम् (पठितम्) तेजस्वि[४] प्रकाशमयम्। अस्तु—भूयात्। मा[५]—नैव। विद्विषावहै—परस्पर द्वेषम् कुर्याव।

हिन्दी शब्दार्थ– सह = साथ (साथ-साथ)। नौ = हम दोनों (गुरु शिष्य। अवतु = रक्षा करे। भुनक्तु = पालन करें। वीर्य = पराक्रम। करवावहै = करें। तेजस्वि = प्रकाशमय। अधीतम् = अध्ययन किया हुआ। अस्तु = हो। मा = (कभी) नहीं। विद्विषावहै = द्वेष करें।

भावार्थ—यह वैदिक परम्परा में शान्ति पाठ है, इसका भावार्थ यह है कि ओंकार पद से कहे जाने वाले परमात्मा हम दोनों (गुरु और शिष्य) की रक्षा करें तथा हम दोनों का साथ-साथ पालन करें। हम दोनों एक साथ ही मिल कर पुरुषार्थ के लिए पराक्रम करें। हम दोनों का पढ़ा हुआ इस लोक तथा परलोक में प्रकाशमय हो। हम किसी से द्वेष न करें।

विशेष—१ वेद को आनुश्रविक कहते हैं (वेदस्याध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययन-पूर्वकम्) वेदों का सब अध्ययन गुरु से अध्ययनपूर्वक ही होता है। गुरु के उच्चारण के पश्चात् उच्चारण करना यही आनुश्रविक शब्द का अर्थ है। वेदारम्भ के समय गुरु शिष्य ही प्रस्तुत होते हैं, इसलिए आवाम् इस द्विवचन से गुरु शिष्य ही ग्रहण किये गए है। २. भुनक्तु शब्द भुज् धातु से बनता है। इसके दो अर्थ हैं—पालन (रक्षा) और भोजन करना। पूर्व में भी रक्षतु पद आया है इससे पालन कहने से पुनरुक्ति नहीं है क्योंकि त्रिविध ताप (आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक) से बचाना रक्षा है, योगक्षेम करना (अलब्ध वस्तु का लाभ योग है, लब्ध का रक्षण)

पालन पदार्थ है। ३. करवावहै—कृ धातु का विधिलोट् आत्मनेपद में उत्तम पुरुष का द्विवचन है। ४—तेजस्वि इस लोक और परलोक में प्रकाशमय होना, क्योंकि वैदिक परम्परा परलोक में अधिक विश्वास करती है। ५. मा-निषेधार्थक अव्यय पद है।

May He (God) protect and support us both (the teacher and taught) to-gether May we both try to achieve opulence and to continue our study together May our study be sublime and there be no bitterness and malice between us.

ॐउशन्ह वै वाजश्रवस. सर्ववेदसं ददौ।
तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस ॥ १ ॥

पदच्छेद.—उशन्, ह, वै, वाजश्रवसः, सर्ववेदस, ददौ, तस्य, ह, नचिकेता, नाम, पुत्रः, आस।

अन्वय—ह वै वाजश्रवसः सर्ववेदसम् ददौ। तस्य ह नचिकेता नाम पुत्रः आस।

[शा०] तत्राख्यायिका विद्यास्तुत्यर्था। उशन्कामयमानः, ह वा इति वृत्तार्थस्मरणार्थौ निपातौ। वाजमन्न तद्दानादिनिमित्त श्रवो यशो यस्य स वाजश्रवाः, रूढितो वा। तस्यापत्य वाजश्रवस. किल स. विश्वजिता सर्वमधेनेजे तत्फल कामयमानः। स तस्मिन्क्रतौ सववेदस सर्वस्व धन ददौ दत्तवान्। तस्य यजमानस्य ह नचिकेता नाम पुत्रः किलास बभूव ॥ १ ॥

सस्कृत व्याख्या—उशन्[१]—कामयमान. (स्वर्गादिलोकान् अभिलषन्) वाजश्रवस.—वाजम्—अन्नम् तेनान्नेन दानादिकर्मणा श्रव —कीर्त्तिर्यस्य स वाजश्रवास्तस्यापत्यम् वाजश्रवसः, अथवा रूढिनाम कस्यचिद् ऋषेः। (स विश्वजिता सर्वदक्षिणेन यज्ञेन) सर्ववेदस—सर्वधन-ददौ दत्तवान्, तस्य—ऋषेः (गौतमगोत्रस्य) नचिकेता नाम पुत्रो ह किल आस—बभूव।

हिन्दी शब्दार्थ—वाजश्रवसः = वाजश्रवा नामक ऋषि के पुत्र वाजश्रवस

नामक ऋषि। उशन् = कामना करते हुए। सर्ववेदसम् = सम्पूर्णधन। ददौ = दे दिया। आस = था।

भावार्थ—वाजश्रवा के पुत्र वाजश्रवस नामक ऋषि ने स्वर्गादिलोक प्राप्ति कामना से विश्वजित् नामक यज्ञ करके अपना सब धन ऋत्विज आदि को दान में दे दिया। उनका एक नचिकेता नाम का पुत्र था।

विशेष—उशद्[1] इस पद से काम्य कर्म की पूर्ति के लिए दक्षिणा आवश्यक है यह सूचित किया गया है।

1 Once upon a time at the vishwajit sacrifice vajasravas (the son of vajasrava) having a desire of heavenly rewards, sacrificed every thing what he possessed. He had a son called Nachiketa, as it is said.

तँ ह कुमारँ सन्तं दक्षिणासु नीयमानासु।
श्रद्धाऽऽविवेश सोऽमन्यत ॥ २ ॥

पदच्छेद—सन्त, कुमार, तं, दक्षिणासु, नीयमासु, श्रद्धा, आविवेश, सः, अमन्यत।

अन्वय—कुमारम् सन्तम् तम् दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धा आविवेश सः अमन्यत।

[शां०] त ह नचिकेतस कुमार प्रथमवयस सन्तमप्राप्तजननशक्ति बालमेव श्रद्धास्तिक्यबुद्धिः पितुर्हितकामप्रयुक्ताविवेश प्रविष्टवती। कस्मिन् काल इत्याह—ऋत्विग्भ्यः सदस्येभ्यश्च दक्षिणासु विभागेनोपनीयमानासु दक्षिणार्थासु गोषु। स आविष्टश्रद्धो नचिकेता अमन्यत।

संस्कृत व्याख्या—सन्तम्—उपस्थितम्—कुमारम्[1]—नचिकेतसम तम् दक्षिणासु[2] नीयमानासु—ऋत्विग्भ्यः सदस्येभ्यश्च प्राप्यमाणासु (गोषु) श्रद्धा—आस्तिक्यबुद्धिः। आविवेश—प्राप। सः कुमार। अमन्यत—अचिन्तयत्।

हिन्दी शब्दार्थ—त कुमार सन्तम् = (यद्यपि) वह (नचिकेता) बालक था। नीयमानासु = ले जाते हुए। श्रद्धा = आस्तिक बुद्धि। आविवेश = उत्पन्न हुई। स अमन्यत = उसने विचार किया।

भावार्थ—उपस्थित वह कुमार नचिकेता (यद्यपि बाल अवस्था का ही था तथापि अपने सम्मुख) दान मे अनर्ह गोदान से पिता का नरकादि लोक प्राप्ति रूप अहित समझ कर ऋत्विजों तथा सदस्यों द्वारा ले जायी जाने वाली गायों को देखते हुए हृदय में श्रद्धा बुद्धि उत्पन्न होने से इस प्रकार विचारारूढ हो गया।

विशेष—कुमार—कु = कुत्सित. = मार.—कामोयस्य स कुमार इस व्युत्पत्तिसे कुमार शब्द का अथ अप्राप्त यौवन (प्रजननादिशक्तिक) है। २—दक्षिणासु—वृद्धा—"जीर्णा गावो रजः कन्या जीर्णवासो ददाति यः तावन्नरके वासो यावच्छिद्रा चतुर्दश" इत्यादि वचनानुसार आगे के मन्त्रों के कथनानुसार दुग्ध रहितादि गायों को दक्षिणा मे दिये जाने के परिणाम की चर्चा है।

2 When the gifts (old cows) were being sorted and carried (to give the priests and Brahmans assembled) Nachiketa, though still a boy, was overpowered with the faith (to do good to his father) and thought

नचिकेता की शङ्का

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रिया. ।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान्स गच्छति ता ददत् ॥ ३ ॥

पदच्छेद—पीतोदकाः, जग्धतृणाः, दुग्धदोहा, निरिन्द्रियाः, अनन्दाः, नाम, ते, लोकाः तान् स, गच्छति ताः ददत्।

अन्वय—पीतोदकाः जग्धतृणाः दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः ता ददत् सः तान् लोकान् गच्छति ते लोका अनन्दा नाम।

[शा०] कथमित्युच्यते।

दक्षिणार्था गावो विशेष्यन्ते। पीतमुदक याभिस्ता. पीतोदकाः, जग्ध भक्षित तृण याभिस्ता जग्धतृणा, दुग्धो दोहः क्षीराख्यो यासा ता दुग्धदोहाः, निरिन्द्रिया अप्रजननसमर्था जीर्णा निष्फला गाव इत्यर्थ.। यास्ता एवभूता गा ऋत्विग्भ्यो दक्षिणाबुद्धया ददत्प्रयच्छन्ननन्दा अनानन्दा असुखा नामेत्येतद्ये ते लोकास्तान्स यजमानो गच्छति।

संस्कृत व्याख्या—पीतोदकाः'—पीतमुदकं याभिस्ताः पीतोदकाः। वृद्धत्वात् जलपानशक्तिरहिता इत्यर्थः। जग्धतृणाः—जग्धं तृणं याभिस्ताः, घासादिभक्षणासमर्थाः। दुग्धदोहाः—दुग्धो दोहो यासास्ता, निरिन्द्रियाः अप्रजनन समर्थाः, वृद्धा निष्फला इत्यर्थः, एवंभुता या गावस्ता ददत्—(ऋत्विग्भ्यो दक्षिणारूपेण, प्रायच्छत्। अनन्दा' सुखविहीनास्ते शास्त्र-प्रसिद्धा लोकाः सन्ति तत्र स यजमानो गच्छति। इति नाचकेता अमन्यतेति पूर्वेण योजना।

हि० श०—पीतोदका = जो जल पी चुकी है अर्थात् जिनमे (वृद्धा-वस्थावश) जल पीने की शक्ति नहीं रह गयी है। जग्धतृणा = घास खाने मे असमर्थ। दुग्धदोहा = दूध देने मे असमर्थ। निरिन्द्रिया = प्रजनन-शक्ति हीन अर्थात् बछड़ा देने न असमर्थ। अनन्दा = आनन्द रहित, दुःख कारक।

भावार्थ—वृद्धा अवस्था वाली गौए जो जल पीकर विरत हो गई हैं अर्थात् जल पीने मे असमर्थ हैं एवं घास खाने मे और दूध देने मे भी असमर्थ तथा जनन शक्ति रहित अर्थात् बछड़ा ब्याने म असमथ ऐसी निष्फल गौओं को दक्षिणा रूप मे होता इत्यादि को देने वाला यजमान अनन्द (आनन्द रहित—दुःखोदर्क) लोक को जाता है। ऐसा नचिकेता ने विचार किया।

विशेष—पीतोदका' इत्यादि पद बहुव्रीहि समास हैं सभी शब्द गायो के वाचक हैं। सभी लाक्षणिक प्रयोग हैं।

3 He, who ingifts, endows such cows that have drunk their water and eaten their grass and that are incapable of bearing calves and giving milk, goes to such worlds that are full of sorrow and are joyless.

पिता के प्रश्न

स होवाच पितरं तत कस्मै मां दास्यसीति।

पदच्छेद—सः, ह, उवाच, पितरम्, तात! कस्मै माँ दास्यसि, इति, द्वितीयम्, तृतीयम्।

अन्वय—सः पितरम् उवाच ह तत कस्मै मा दास्यसि इति ।

संस्कृत व्याख्या—स-नचिकेता.¹, ह, निश्चयार्थको निपातः, पितरा स्वजनकम् उवाच—उक्तवान्—तात—हेपितः, मा पुत्ररूप धनम् कस्मै—याज्ञिकाय ऋत्विजे दक्षिणारूपेण दास्यसि इति । प्रथममुक्तेनापि पित्रा, उपेद्यमाणो द्वितीयम् तृतीयम् आवृत्त्या उक्तवान् तादृशमेव वाक्यम् ।

भावार्थ—दी जानेवाली दक्षिणा के अनौचित्य को समझकर नचिकेता अपनी आत्मा को भी देकर पिता के लाभ की इच्छा करता हुआ अपने पिता से बोला—हे पिता ! मुझे दक्षिणा मे किसको देंगे ? जब पहलीबार कहने से पिता ने पुत्र की बात की उपेक्षा की तो दुबारा, तिबारा आग्रह करने लगा ।

विशेष—१. नचिकेता को जन्मान्तर का तप.पूत होने के कारण—"शुचीना श्रीमता गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते" अथवा "योगिनामेव कुले भवति धीमताम्" इत्यादि गीता के कथन अनुसार अल्पकाल मे ही ऐसी आस्तिक बुद्धि जाग्रत हुई और पिताको पाप से बचाने का उपाय उसने सोचा ।

पिता का उत्तर

द्वितीयं तृतीयं तँ होवाच मृत्यवे त्वां ददामीति ॥ ४ ॥

पदच्छेद—तम्, ह, उवाच, मृत्यवे त्वा, ददामि इति ॥४॥

अन्वय—द्वितीयम् तृतीयम् । (अपि सः पित्रे उवाच) तम् ह पिता उवाच त्वा मृत्यवे ददामि । इति ।

[शा०] तदेव क्रत्वसम्पत्तिनिमित्त पितुरनिष्ट फल मया पुत्रेण सता निवारणीयमात्मप्रदानेनापि क्रतुसम्पत्ति कृत्वेत्येव मन्यमानः पितरम् उपगम्य स होवाच पितर-हे तत तात कस्मै ऋत्विग्विशेषाय दक्षिणार्थं मा दास्यसि प्रयच्छसीत्येतत् । एवमुक्तेन पित्रोपेक्ष्यमाणोऽपि द्वितीय तृतीयमप्युवाच—कस्मै मा दास्यसि कस्मै मा दास्यसीति । नाय कुमार-स्वभाव इति क्रुद्धः सन्पिता त ह पुत्र किलोवाच मृत्यवे वैवस्वताय त्वा त्वा ददामीति ।

संस्कृत व्याख्या—तम्-पुत्र नचिकेतसम्, ह, उक्तोऽर्थः, उवाच-

उक्तवान् । त्वाम्-अनवसरवादिनम् , मृत्यवे-यमराजाय, ददामि-दास्यामि इति क्रोधावेशेन उक्तवान् ।।४।।

हि० श०—पितरम् = पिता से । उवाच = बोला । कस्मै = किसको अर्थात् किस होता या ऋत्विज को । माम् = मुझे । दास्यसि = देगे । द्वितीय तृतीयम् = दुबारा तिवारा ।

तम् = उसे अर्थात् नचिकेता को, त्वाम् = तुमको मृत्यवे = यमराज को । ददामि = दू गा ।

भावार्थ—क्रोध मे आकर पिताने पुत्र नचिकेताको कहा—तुम्हे यमराज को दूँगा ।

विशेष—इस प्रकार कहने पर भी उसे न तो भय हुआ न भ्रम या क्रोध, और शान्तिपूर्वक फिर बोला ।

4 "To whom will you offer me. My father !" Asked he once, twice and thrice And then his father answered him (in anger) "I will present you to death

नचिकेताका अनुताप

बहूनामेमि प्रथमो बहूनामेमि मध्यमः ।
किँस्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाद्य करिष्यति ॥ ५ ॥

पदच्छेद—बहूनाम्, एमि, प्रथम , बहूनाम् एमि मध्यमः, किंस्वित्, यमस्य कर्तव्यम्, यत्, मया, अद्य, करिष्यति ।

अन्वय – बहूनाम् प्रथमः एमि, बहूनाम् मध्यमः एमि, यमस्य किंस्वित् कर्तव्यम् यत् मया अद्य करिष्यति ।

[शा०] स एवमुक्तः पुत्र एकान्ते परिदेवयाञ्चकार । कथम् ? इत्युच्यते—

बहूनां शिष्याणां पुत्राणां वैमि गच्छामि प्रथमः सन्मुख्यया शिष्यादिवृत्त्येत्यर्थ । मध्यमाना च बहूना मध्यमो मध्यमयेव वृत्त्यैमि । नाधमया कदाचिदपि । तमेव विशिष्टगुणमपि पुत्र मा मृत्यवे त्वा ददामीत्युक्तवान् पिता । स किंस्विद्यमस्य कर्तव्यं प्रयोजन मया प्रक्तेन करिष्यति यत्कर्तव्यमद्य ? नूनं प्रयोजनम् अनपेक्ष्यैव क्रोधवशादुक्तवान्

पिता। तथापि तत्पितुर्वचो मृषा मा भूदित्येवं मत्वा परिदेवनापूर्वकमाह पितर शोकाविष्ट कि मयोक्तमिति।

संस्कृत व्याख्या—बहूनाम-मध्ये प्रथम एवाहम् एमि—गच्छामि, बहूनाम् तादृशाना बहूनाम्मध्ये मध्यमः एवाहम, एमि गच्छामि। न तु मन्थरगमनेन पश्चात् इति भाव। तर्हि किमित्याह मृत्युर्मयाऽद्य यित्करिष्यति तत्तादृश यमस्य कर्तव्यम्। मादृशेन वालिशेन मृत्योःकि—प्रयोजनम् स्यात् यन ऋत्विगस्य इव मम गमन सफलम् स्याद् इति भावः।

हि० श०—बहूनाम् = बहुत से पुत्रों या शिष्यों मे। प्रथम = श्रेष्ठ। एमि = हूँ। किं स्वित् = कौन सा। कर्त्तव्यम् = कार्य यत् = जो। मया = मुझसे। अद्य = आज। करिष्यति = कराया जायगा।

भावार्थ.—नचिकेता पिता की बात सुनकर सहर्ष बोलता है कि (पिताके) शिष्यों मे, मैं बहुतों मे अच्छा हूँ (कई शिष्यों की अपेक्षा मेरा व्यवहार उत्तम है) और बहुतों से मध्यम हूँ (कई शिष्यों की अपेक्षा मेरा व्यवहार मध्यम है) किन्तु किसी से अधम वृत्ति मेरी नहीं है फिर भी पिता मुझे मृत्यु के मुखमे दे रहे हैं। आखिर यमराज को क्या काम है जो मुझसे आज कराया जायगा।

विशेष—प्रकृत मन्त्र से यही तात्पर्य हुआ कि व्यङ्ग ध्वनि से नचिकेता यही कहना चाहता है कि जैसे ऋत्विजों को अनर्ह गौओं का दान निष्फल है, उसी प्रकार यमराज को मुझे दे देना भी निष्फल प्रतीत होता है।

5 Having heard his father's word he thought to himself among many (sons & disciples) I am at the top and among many in the middle What object of death can be there that my father wants to achieve through me

अपने अनुचित कथन पर पश्चात्ताप करते हुए पिता को देखकर नचिकेता ने पुनः पिता से कहा—

पिता से आग्रह

अनुपश्य यथा पूर्वे प्रतिपश्य तथापरे।
सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः ॥६॥

पदच्छेद—अनुपश्य, यथा, पूर्वे, प्रतिपश्य, तथा, अपरे, सस्यम् इव मर्त्य. पच्यते, सस्यम् इव, आजायते, पुन. ॥

अन्वय—पूर्वे यथा (वृत्ता.) अनुपश्य तथा अपरे प्रतिपश्य। मर्त्यः सस्यम् इव पच्यते, पुनः सस्यम् इव आजायते।

[शा०] अनुपश्यालोचय निभालय अनुक्रमेण यथा येन प्रकारेण वृत्ता. पूर्व अतिक्रान्ता पितृपितामहादयस्तव। तान्दृष्ट्वा च तेषा वृत्तमास्थातुमर्हसि। वर्तमानाश्च साधवो यथावर्तन्ते ताश्च प्रतिपश्यालोचय तथा न च तेषु मृषाकरण वृत्त वर्तमान वास्ति। तद्विपरीतमसता च वृत्त मृषाकरणम्। न च मृषा कृत्वा कश्चिदजरामरो भवति। यत सस्यमिव मर्त्यो मनुष्य. पच्यत जीर्णो म्रियत। मृत्वा च सस्यमिव आजायते आविर्भवति पुन. एवमनित्ये जीवलोके किं मृषाकरणेन। पालय आत्मन. सत्यम्। प्रेषय मा यमाय इत्यभिप्रायः।

संस्कृत व्याख्या—पूर्व-पितामहादयः, यथा-येन प्रकारेण (मृषावादादि परित्यज्य स्थिता.) तथा तेन प्रकारेण अपर इतरे (साधव.) अद्यापि तिष्ठन्ति इति यावत्। अनुपश्यतान् अवलोकय तान् प्रतिपश्य प्रत्यवलोकय सर्वान् दृष्ट्वा तथैव भवतापि वर्तितव्यमितिभाव.। यतोहि मर्त्य—मरणधर्ममृत्युलोकेप्राणी सस्यमिव-धान्यसदृश. (अल्पकालेन) पच्यत जीर्णता प्राप्नोति (जीर्णश्च पुन.) सस्यमिव-धान्यसदृश एव पुनराजायते-पुनरुत्पद्यते।

हि० श०—पूर्व=पहले के अर्थात् पितामह आदि पूर्वज। यथा=जैसे। अनुपश्य=देखिये। पूर्व यथा अनुपश्य=अर्थात् अपने पितामह आदि पूर्व पुरुषों को देखिये (और) उनके सदृश (आचरण) कीजिये। अपरे=दूसरे। सस्यम्=धान्य। इव=सदृश। मर्त्य=मनुष्य। प्रतिपश्य=देखिये। पच्यते=पक जाता है वृद्ध मर जाता है। सस्यमिव=अन्न की तरह पुनः=फिर। आजायते=पैदा होता है।

भावार्थ—पूर्व के पितामह आदि श्रेष्ठ लोग जिस प्रकार आचरण करते रहे उसपर दृष्टिपातकर और अन्य साधुजन आज भी जैसे स्वधर्म मे स्थित हैं उनको देखिए। इस मृत्यु लोक मे प्राणी धान्य की तरह थोड़े

समय म पककर जर्जर होकर मरते हैं और फिर समय से अन्न की तरह उत्पन्न होते हैं।

विशेष—यथा जिस प्रकार पूर्वज मिथ्यावाद को छोड़ कर जीते रहे हैं उसी प्रकार आपको भी होना चाहिए। इस लिए हमारे मोहको छोड़कर अपने सकल्पवाक्यानुसार यमराज को देने मे अब सकोच न कीजिए यह भाव है, अपरे-आधुनिक साधुजनों से तात्पर्य है। ३-सस्यमिव-जैसे क्षेत्र में धान्य अल्पकाल मे पक जाता है उसी प्रकार इस मृत्युलोक मे प्राणी भी थोडे समय में जीर्ण होकर मर जाते हैं और फिर पैदा होते हैं। इस लिए इस नश्वर और अस्थिर जगत् मे आस्था न रखकर सत्यमार्ग का अवलम्बी होना चाहिए।

6. Think over your forefathers how they behaved and also consider how the other peoples do (Now a days) the mortal is like corn which once ripens and grow again.

अनुक्रम—इस प्रकार सुनकर पिता ने मिथ्यावाद से डर कर नचिकेता को यमराज के यहा भेज दिया और नचिकेता ने यमराज के द्वार पर जाकर तीन रात्रि पर्यन्त बिना खाये पिये निवास किया। यमराज उस समय अन्यत्र गये थे, प्रवास से आने पर वृद्ध मन्त्रियों ने इस प्रकार यम से कहा—

यमलोक मे नचिकेता के सत्कार का आग्रह

वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो गृहान्।
तस्यैतां शान्ति कुर्वन्ति हर वैवस्वतोदकम् ॥ ७ ॥

पदच्छेद—वैश्वानर· प्रविशति, अतिथिः ब्राह्मण· गृहान्। तस्य एताः शान्तिम्, कुर्वन्ति, हर, वैवश्वत उदकम् ॥

अन्वय—ब्राह्मणः अतिथि (सन्) वैश्वानरः (इव) गृहान् प्रविशति, तस्य एताम् शान्ति कुर्वन्ति वैवस्वत् उदकम् हर।

[शा०] स एवमुक्त· पितात्मन सत्यतायै प्रेषयामास। स च यमभवन गत्वा तिस्रो रात्रीः उवास यमे प्रोषिते। प्रोष्यागत यमममात्या भार्या वा ऊचुर्बोधयन्तः—

वैश्वानरोऽग्निरेव साक्षात् प्रविशत्यतिथिः सन्ब्राह्मणो गृहान् दहन्निव तस्य दाहं शमयन्त इवाग्नेरेता पाद्यासनादिदानलक्षणा शान्ति कुर्वन्ति सन्तोऽतिथेर्यतोऽतो हराहर हे वैवस्वत उदक नचिकेतसे पाद्यार्थम् । यतश्चाकरणे प्रत्यवाय श्रूयते ।

संस्कृत व्याख्या—वैश्वानरः-साक्षादग्निरेव, अतिथि—अतिथिरूपेण ब्राह्मणः, गृहान् प्रविशति गृह आगच्छति, तस्य-अतिथेः एता. पद्यार्घादि-रूपाः शान्ति कुशल, कुर्वन्ति, सन्तः साधवः, अतो हे वैवश्वत-यम उदक हर तस्य पूजनाय जलमानय ।

हि० श०—वैश्वानरः = अग्नि । ब्राह्मण = ब्रह्मज्ञानी । प्रविशति = प्रवेश करता है, आया हुआ है । तस्य = उस (अतिथि) को । एता = इन (पूजादि) । शान्तिम् = प्रसन्नता को । वैवस्वत = यम । हर = लाइये । उदकम् = जल ।

भावार्थ—साक्षात् अग्नि रूप ही ब्राह्मण अतिथि होकर गृहस्थ के घर मे आता है, पूज्य होता है, उसकी पूजा के लिए सन्त ज्ञानी लोग पाद्य अर्घ आदि विधि का अपने ही कुशल के लिए करते हैं। इसलिए हे यमदेव आपके यहाँ भो अतिथि आया है उसकी पूजा कीजिये ।

विशेष—१ अतिथि—भारतीय परम्परा मे शास्त्रों के आधार पर अतिथि का बहुत महत्त्व कहा गया है । "गुरुरग्निर्द्विजातीना, वर्णाना ब्राह्मणो गुरुः, पतिरेको गुरुः स्त्रीणा सर्वस्याभ्यागतो गुरुः । अतिथिर्यस्य भग्नाशो गृहात्प्रति निवर्तते, स तस्मै दुष्कृत दत्वा पुण्यमादाय गच्छति ॥२॥ इत्यादि । अर्थात् अतिथि यदि निराश होकर घर से चला जाय तो वह अपने पाप को देकर उस गृहस्थ के पुण्य को लेकर चला जाता है । किन्तु यह बात स्मरण रहे कि अतिथि की परिभाषा क्या है, इस विषय मे मनु ने लिखा है कि जिसके आनेकी कोई निश्चित तिथि न हो ।

7 A Brahmana guest enters the house like fire. House holders welcome him with the appeasing offerings therefore O Death bring water etc (for him)

उपक्रम—उपर्युक्त विषय को लेकर अग्रिम मन्त्र है । अतिथि की उपेक्षा मे अधिक प्रत्यवाय और मगल की हानि है ।—

आशाप्रतीक्षे संगतँ सूनृतां च
इष्टापूर्ते पुत्रपशूँश्च सर्वान्।
एतद् वृङ्क्ते पुरुषस्याल्पमेधसो
यस्यानश्नन्वसति ब्राह्मणो गृहे ॥ ८ ॥

पदच्छेद—आशाप्रतीक्षे, सगतम्, सूनृताम् च, इष्टापूर्ते पुत्रपशून्, च, सर्वान्। एतद् वृङ्क्ते, पुरुषस्य, अल्पमेधसः यस्य, अनश्नन्, वसति, ब्राह्मणः गृहे ॥

अन्वय—ब्राह्मण अनश्नन् यस्य गृहे वसति (तस्य) अल्पमेधसः पुरुषस्य आशाप्रतीक्षे सङ्गतम् सूनृताम् इष्टापूर्ते पुत्रपशून् सर्वान् एतत् वृङ्क्ते।

[शा०] आशाप्रतीक्षऽनिर्ज्ञातप्राप्येष्टार्थप्रार्थना आशा, निर्ज्ञात प्राप्यार्थप्रतीक्षण प्रतीक्षा, ते आशाप्रतीक्षे। सगत तत्संयोगज फलम्, सूनृता च सूनुता हि प्रिया वाक्तान्निमित्त च, इष्टापूर्ते इष्ट यागज पूर्तमारामादिक्रियाज फलम्, पुत्रपशूश्च पुत्राश्च पशूंश्च सर्वानेतत्सर्वं यथोक्त वृङ्क्ते आवर्जयति विनाशयतीत्येतत्, पुरुषस्याल्पमेधसोऽल्पप्रज्ञस्य—यस्यानश्नन्नभुञ्जानो ब्राह्मणो गृहे वसति। तस्मादनुपेक्षणीयः सर्वावस्थास्वप्यतिथिरित्यर्थः।

संस्कृत व्याख्या—अल्पमेधसः—अल्पप्रज्ञस्य पुरुषस्य यस्य गृहे—ब्राह्मणो—अनश्नन्—अन्नमभुञ्जानो—वसति, तस्य पुरुषस्य—आशाप्रतीक्षे—आशा च प्रतीक्षा च आशा प्रतीक्षे (द्वन्द्वसमासः) काम सकल्पौ, संगत—तत्सगम सूनृता सत्यप्रियवाचम् इष्टापूत—इष्ट च पूर्तम्—इष्टापूर्ते, इष्ट—यागादि, पूर्त—कूपाराममठादिनिर्माणम्, पुत्रान् पशून्, च सर्वान् एतद वृङ्क्ते—वृजि वर्जने इति वर्जयति नाशयति इति तत्त्वम्।

हिं० शा०—यस्य = जिसके। गृहे—घर मे। ब्राह्मण = ब्रह्मज्ञानी (अतिथि) अनशन् = बिना भोजन किये। वसति = निवास करता है। तस्य अल्पमेधसः = उस अल्पबुद्धिवाले पुरुष की। आशा = अज्ञात वस्तु को पाने का इच्छा। प्रतीक्षा = ज्ञात वस्तु को पाने का इच्छा। सङ्गतम् =

सत्सगति । सुनृताम् = प्रिय वाणी इष्टापूर्ते = यज्ञादि का फलोदय । सर्वान् = सभी। पुत्रपशून् = पुत्र और पशु एतत् = इन सबों को। वृङ्क्ते = नष्ट करता है ।

भावार्थ—जिस अल्पज्ञानी पुरुष के घर मे ब्राह्मण अतिथि रूप मे आकर बिना खाये पिये बसता हा, उस पुरुष के सकल्प मनोरथ तथा सत्सगति, और सत्यप्रियवाणी तथा किया हुआ यज्ञादि कर्म, कूप वाटिका धर्मशाला आदि लोकोपकार कर्म, पुत्र और पशु आदि का नाश करता है ।

विशेष—इस मन्त्र मे यह कहा, कि पुरुष के लिए अन्य सब शुभ कर्मों से अतिथि सत्कार श्रेष्ठ है । महापुरुषों का कहना है कि भगवत अर्चन, पूजन से सिद्धि हो न हो किन्तु अतिथि सेवा से इह लौकिक और पारलौकिक दोनों सिद्धि होने मे सशय ही नहीं है ।

8 That man of little in-telligence to whose house a brahman guest comes and gets no food or hospitality destroys all hope, expectation, the fruit of good associations, sweet words sacifice, charity sons and catte etc (theze fore) at any cost a guest should never be negleted),

उपक्रम—इस प्रकार मन्त्रियों के कहने पर यमराज ने नचिकेता से कहा—

यमराज द्वारा वर प्रदान

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मे
अनश्नन्ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः ।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन्स्वस्ति मेऽस्तु
तस्मात्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्व ।। ९ ।।

पदच्छेद—तिस्रः, रात्रीः, यद्, अवात्सीः, गृहे, मे, अनश्नन्, ब्रह्मन्, अतिथि, नमस्य, नमः, ते, अस्तु, ब्रह्मन्, स्वस्ति मे, अस्तु, तस्मात्, प्रति, त्रीन्, वरान्, वृणीष्व ।

अन्वय—हे ब्रह्मन् यत् अतिथिः त्वम् अनश्नन् गृहे तिस्रोरात्री. अवात्सीः तस्मात् प्रति त्रीन् वरान् वृणीष्व हे ब्रह्मन् ते नमः अस्तु, मे स्वस्ति अस्तु ।

[शा०]—एवमुक्तो मृत्युरुवाच नचिकेतसमुपगम्य पूजापुरःसरम्—तिस्रो रात्रीर्यद्यस्मादवात्सीः उषितवानसि गृहे मे ममानश्नन् हे ब्रह्मन्नतिथिः सन्नमस्यो नमस्कारार्हश्च तस्मान्नमस्ते तुभ्यमस्तु भवतु । हे ब्रह्मन्स्वस्ति भद्रं मेऽस्तु तस्माद्भवतोऽनश्नेन मद्गृहवासनिमित्ताद्दोषात्प्राप्त्युपशमेन । यद्यपि भवदनुग्रहेण सर्वं मम स्वस्ति स्यात्तथापि त्वदधिकसंप्रसादनार्थमनश्नेनोषिताम् एकैकां रात्रिं प्रति त्रीन्वरान् वृणीष्व अभिप्रेतार्थविशेषान् प्रार्थयस्व मत्तः ॥ ६ ॥

संस्कृत व्याख्या—हे ब्रह्मन्, यस्मात्कारणाद् भवान्, अतिथि. तस्माद् हेतोः इति अध्याहारेणान्वयः, भवान्नमस्यः मे गृहे यत्तिस्रोरात्री. अनश्न—अन्नमभुञ्जेन् अवात्सी.–ऊपिवान् । हे ब्रह्मन् ते तुभ्यम्, नमः नमस्कारोऽस्तु मे–मह्यम् स्वस्ति, अस्तु, तस्माद् हेतो मह्य स्वस्ति यथास्यात, इत्येवमर्थं त्रीन् वरान् प्रतिरात्रिम् उद्दिश्यवृणीष्व–प्रार्थय ।

हि॰ श॰—नमस्य = नमस्कार करने योग्य । अतिथि. = अभ्यागत (नचिकेता) ते = आपको । नमः = नमस्कार है । मे = मेरा । स्वस्ति = कल्याण । अस्तु = हो । यत् = जो । मे = मेरे । गृहे = घर मे । तिस्र = तीन । रात्रीः = रात । अनशन् = बिना खाये । अवात्सी = निवास किये । तस्मात् = इस कारण से । प्रति = एक-एक रात के लिए । त्रीन् – तीन । वरान् = वरदान । वृणीष्व = माँग लो ।

भावार्थ – हे ब्रह्मन् आप अतिथिरूप से नमस्कार के पात्र हैं, जिस कारण आपने हमारे घर मे तीन रात्रि बिना अन्न खाये बास किया इसलिये आपको नमस्कार है जिससे हमारा कल्याण हो इसके निमित्त प्रत्येक रात्रि वास की सख्या से तीन वरदान माँग लो ।

विशेष—जन्म जन्मान्तर के पुण्यों द्वारा बाल अवस्था मे ही यम के पास स्वस्तिमान होकर जाना और उनसे सम्मान को प्राप्त करना, इससे ऋषि पुत्र का लोकोत्तर प्रभाव का वर्णन किया गया है ।

9 Since you have lived as a venerable guest in my house without eating and drinking for three nights O my Brahaman (now) accept my selutation and let there be

good fortune to me from that error'ask for three boons for each of the three nights

नचिकेता द्वारा प्रथम वर (पितृपरितोष) की याचना

उपक्रम—इस प्रकार यम के प्रार्थना करने पर नचिकेता उत्तर देते हुए बोला।

शान्तसंकल्पः सुमना यथा स्या-
द्वीतमन्युर्गौतमो माभिमृत्यो ।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत.
एतत्त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे ॥ १० ॥

पदच्छेद—शान्तसकल्पः, सुमनाः, यथा, स्यात्, वीतमन्युः, गौतमः, मा, अभि, मृत्यो, त्वत्प्रसृष्ट, मा, अभि, वदेत्, प्रतीतः, एतत्, त्रयाणा, प्रथम, वरं, वृणे।

अन्वय—मृत्यो गौतमः शान्तसङ्कल्प सुमनाः मा अभिवीतमन्युः यथा स्यात् प्रतीतः त्वत्प्रसृष्टम् माभिवदेत् एतत् त्रयाणाम् प्रथम वरं वृणे।

शा०—नचिकेतास्त्वाह-यदि दित्सुर्वरान्—शान्तसंकल्प उपशान्तः संकल्पो यस्य मा प्रति यम प्राप्य किं नु करिष्यति मम पुत्र इति स शान्तसंकल्पः सुमनाः प्रसन्नमनाश्च यथा स्याद्वीतमन्युर्विगतरोषश्च गौतमो मम पिता माभि मा प्रति हे मृत्यो किं च त्वत्प्रसृष्ट त्वया विनिर्मुक्तं प्रेषित गृह प्रति मामभिवदेत्प्रतीतो लब्धस्मृति. स एवाय पुत्रो ममागत इत्येवं प्रत्यभिजानन्नित्यर्थः। एतत्प्रयोजन त्रयाणां प्रथममाद्यं वर वृणे प्रार्थये यत्पितुः परितोषणम्।

सं० व्या०—हे मृत्यो—यम, मम पिता—गौतमः, सुमनाः—प्रसन्नचित्तः, शान्तसंकल्पः-(मत्पुत्रः यम प्राप्य किं करिष्यति इति मद्विषयक) चिन्ता रहित., मा अभि-मा प्रति, वीतमन्युः—क्रोधरहितश्च यथा स्यात्, त्वत्प्रसृष्टं—त्वया इतः गृहाय प्रेषित मा अभि मा प्रति, प्रतीतः—यथा पूर्व विश्वस्तः प्रीत इत्यर्थः सन् वदेत्—यद्वा मा प्रति अभिवदेत्—आशीर्वादान् वदेत्। एतत् त्रयाणा वराणा मध्ये प्रथम वरम् वरदान वृणे—प्रार्थये।

हि० श०—मृत्यो = हे यमराज । गौतमः = वाजश्रवस् (मेरे पिता) । मा अभि = मेरे प्रति । यथा = जिस प्रकार । शान्तसकल्पः = शान्तचित्त एवं शान्त विचारों वाला । सुमनाः = प्रसन्न मन वाला । वीतमन्यु = क्रोध रहित । स्यात् = हो जाय । त्वत्प्रसृष्टम् = आप के द्वारा भेजे हुए । प्रतीतः = पहचानकर । वदेत् – बोलें । एतत् = यह । त्रयाणाम् = तीनों मे से । प्रथमम् = पहला । वृणे = माँगता हूँ ।

भावार्थ—हे मृत्यु ! मेरे पिता गौतम (वाजश्रवस) जिस प्रकार शान्त संकल्प, प्रसन्नचित्त और क्रोध रहित हो जायँ तथा आपके द्वारा (मृत्यु-लोक मे) भेजने पर मुझे पहचान लें और विश्वस्त होकर मुझ से बात करें, यही प्रथम वरदान आपके दिये हुए तीन वरदानों में से मैं चाहता हूँ ।

विशेष—यहाँ शान्त सकल्पादि पदों का लाक्षणिक अर्थ किया गया है । यह नचिकेता के आत्म सयम और क्रोध राहित्य का द्योतक है कि पिता के इस प्रकार के विरुद्ध व्यवहार पर भी उसने कितना ऊंचा पितृ-भक्ति का आदर्श प्रगट किया है ।

10 O yama ! my first prayer of the tnree said boons is that my father(Gautam) may be satisfied and pleased with me and become free from all worries and anger on me and also he may recognise me when I go back to him (father) from here (Death).

यमराज की स्वीकृति

नचिकेता के ऐसा कहने पर यम ने इस प्रकार कहा—

यथा पुरस्ताद्भविता प्रतीत
औद्दालकिरारुणिर्मत्प्रसृष्टः ।
सुखँ रात्रीः शयिता वीतमन्यु
स्त्वा ददृशिवान्मृत्युमुखात्प्रमुक्तम् ॥११॥

पदच्छेद—यथा, पुरस्तात्, भविता, प्रतीतः, औद्दालकिः, आरुणिः, मत्प्रसृष्टः, सुखम्, रात्रीः, शयिता, वीतमन्युः, त्वा, ददृशिवान्, मृत्युमुखात्, प्रमुक्तम् ।

अन्वय—औद्दालकिः आरुणिः पुरस्तात् यथा प्रतीतः आसीत् मृत्युमुखात् प्रमुक्तम् त्वाम् ददृशिवान् (दृष्ट्वा) वीतमन्युः तथा भविता रात्रीः सुखं शयिता च ।

शां०—मृत्युरुवाच यथा बुद्धिस्त्वयि पुरस्तात् पूर्वमासीत्स्नेहसमन्विता पितुस्तव भविता प्रीतिसमन्वितस्तव पिता तथैव प्रतीतवान्सन्नौद्दालकि उद्दालक एवौद्दालकिः । अरुणस्यापत्यमारुणिः, द्व्यामुष्यायणो वा । मत्प्रसृष्टो मयानुज्ञात सन् इतरा अपि रात्रीः सुखं प्रसन्नमनाः शयिता स्वप्ता वीतमन्युर्विगतमन्युश्च भविता स्यात्त्वां पुत्रं ददृशिवान्दृष्टवान्स मृत्युमुखान्मृत्युगोचरात् प्रमुक्त सन्तम् ।

सं० व्या०—औद्दालकिः १—उद्दालक एव औद्दालकि स्वार्थे इञ् प्रत्ययः, आरुणिः—अरुणस्यापत्यमारुणि, अथवा उद्दालकस्यापत्यम्—अरुण तस्य गोत्रापत्यम्, आरुणि, (नचिकेतस पिता) मत्प्रसृष्टः२ मदनुगृहीतः—मदनुग्रहात् इत्यर्थः । यथापुरस्तात्—यथापूर्वम्, त्वयि प्रसन्नः प्रतीतः—तथाग्रेऽपि प्रसन्नो भविता, अपरच विगतमन्यु निवृत्तक्रोध सन् रात्रीः—उत्तरा अपि रात्री सुख.शयिता—सुखनिद्रा प्रास्यतीति भाव मृत्युमुखात् प्रमुक्तम्—पुनरागतम् त्वा दृशिवान्३—दृष्टवान् मन् इति पूर्वत एवान्वयः ।

हिन्दी शब्दार्थ—आरुणिः = अरुण के पुत्र (तुम्हारे पिता) पुरस्तात = मेरे यहाँ आने से पहले । यथा = जैसे । प्रतीतः = स्नेह युक्त मत् प्रसृष्टः = मेरी आज्ञा प्राप्त किया हुआ । भविता = होंगे (प्रसन्न होंगे) । मृत्युमुखात् = मृत्यु के मुख से अर्थात् मेरे अधिकार से । प्रमुक्तम् = छूटे हुए । त्वाम् = तुमको ददृशिवान् = देखेंगे । वीतमन्युः = क्रोध रहित होकर रात्रीः = रात्रियों मे । सुखम् = सुखपूर्वक । शयिता = सोवेंगे ।

भावार्थ—औद्दालक के (पुत्र) आरुणि तुम्हारे पिता हमारे अनुग्रह से जैसे पहले तुम पर प्रसन्न थे वैसे ही आगे भी प्रसन्न रहेंगे, और क्रोध रहित तथा आगे भी तुम्हारी चिन्ता से रहित होकर सुख पूर्वक सोयेंगे । क्यो कि मृत्यु के मुख से बच कर आये हुए तुमको देखकर उनका सुखी होना स्वाभाविक है ।

विशेष—औद्दालकि के विषय मे पहले व्याख्या कर चुके हैं या तो उद्दालक वंश के होने से औद्दलकि कहे गये हैं अथवा अरुण का पुत्र उनका

गोत्रापत्य आरुणि तद्धितान्त पद सिद्ध होता है । छान्दोग्योपनिषद् मे इनका सवाद इसी नाम से आया है । मत्प्रसृष्टः—हमारे अनुग्रह होने से, पिता का विशेषण है अथवा मत्प्रसृष्टम् यह द्वितीयान्त पद भी पाठान्तर म मिलता है, जो नचिकेता का विशेषण है । ददृशवान् यह छान्दस प्रयोग है । दृश् धातु से परोक्ष लिट् के स्थान मे क्वसु प्रत्यय लाकर ददृशिवान् रूप सिद्ध होता है, किन्तु यहा द्विर्वचनाभाव और कित् प्रयुक्त गुणाभाव का अभाव करके बना है ।

11 (Death said) With my permission your father Auddalaki Aruni will identify and favour you as before When (your father) sees you before him being set free from the jaws of Death his anger will be disappeared and he will have a sound sleep in future

स्वर्ग का स्वरूप

नचिकेता प्रथम वरदान प्राप्तकर द्वितीय वर की प्रार्थना करता है—

स्वर्गे लोके न भयं किंचनास्ति
न तत्र त्वं न जरया बिभेति ।
उभे तीर्त्वाशनायापिपासे
शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके ॥१२॥

